**State Level Sahkarita Sammelan – 30th March 2025- chaired by Hon'ble Union Home and Cooperation Minister, GoI**

State level Sahkarita Sammelan was organized in Patna in which various schemes/ projects were launched/ foundation stones laid by Hon'ble Union Home and Cooperation Minister, Shri Amit Shah. The event was graced by Shri Nitish Kumar, Hon'ble Chief Minister of Bihar, along with Shri Nityanand Rai, Minister of State for Home Affairs, Government of India; Shri Samrat Choudhary, Hon'ble Deputy Chief Minister of Bihar; Shri Vijay Kumar Sinha, Hon'ble Deputy Chief Minister of Bihar; Dr. Prem Kumar, Hon'ble Cooperation Minister of Bihar; and Shri Amrit Lal Meena, Chief Secretary, Government of Bihar and other dignitaries. The event was also attended by NABARD team led by Shri Binay Kumar Sinha, CGM, NABARD and participated by more than 6000 representatives of PACS and other Cooperative Societies

2. At the event NABARD, Bihar RO set up a vibrant stall which outshined the other stalls and showcased NABARD's support to cooperatives in Bihar. The Hon'ble Union Minister Shri Amit Shah, the Hon'ble Chief Minister, and the Deputy Chief Ministers were welcomed by Shri Binay Sinha, CGM, Bihar RO, at NABARD stall with a bouquet of flowers and shawl. During the interaction, Shri Binay Kumar Sinha, CGM of NABARD, informed the dignitaries about NABARD's financial support of Rs. 6130.00 Crore (FY-2024-25) to Cooperative Banks in Bihar along with sanction of 785 Micro ATMs to cooperatives, 390 FLAP, PACS Computerization Project, MPACS, Rural Haat to one PACS and declaration 500 PACS as 'ePACS Only'.

3. The Hon'ble Union Minister Shri Amit Shah also laid the foundation of 25 warehouses in PACS under AMI+ AIF+ NABARD's concessional refinance for World's Largest Grain Storage Scheme. He also emphasized the role of Cooperatives in nation building and the role played by GoI in this.

4. Some photographs of the event are appended below:








*CGM, NABARD, welcoming Hon'ble Home and Cooperation Minister, GoI*








*CGM, NABARD, welcoming Hon'ble Chief Minister of Bihar*




*Hon'ble Home & Cooperation Minister, GoI, Chief Minister, Bihar, Dy. CM, Bihar and Cooperation Minister, GoB at NABARD Stall.*




*Chief Secretary, GoB at NABARD Stall*



*Handing over of NABARD's sanction letter of Rural Haat to Vikrampur PACS, Gopalganj, Bihar by Hon'ble Home & Cooperation Minister, Shri Amit Shah*




*NABARD Team led by CGM, NABARD, Bihar RO*

# नाबार्ड ने गृह मंत्री के हाथों गोपालगंज को दी सौगात

**गोपालगंज।** गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का भव्य स्वागत पटना में बिनय कुमार सिन्हा, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड बिहार क्षेत्रीय कार्यालय एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार (30 मार्च, 2025) को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर बिहार में 800 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का अनावरण और शिलान्यास किया। नाबार्ड ग्रामीण हाट के लिए स्वीकृति पत्र माननीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा संदीप कुमार सिंह को सौंपा गया।

नाबार्ड के डीडीएम डॉ. अनुपम लाल कुसुमाकर ने बताया कि गोपालगंज के लिए यह बहुत अच्छी खबर है और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए हमारा कठिन प्रयास सफल हुआ है। नाबार्ड ग्रामीण हाट स्थानीय छोटे-छोटे उत्पादकों को अपने उत्पाद बेचने एवं स्थानीय उपभोक्ताओं को उत्पादकों से सीधे खरीदने की सुलभ सुविधा प्रदान करता हैं। नाबार्ड द्वारा गोपालगंज जिले के कुचायकोट प्रखंड के बिक्रमपुर पंचायत के लछपुर गांव में ग्रामीण हाट के आवश्यक आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण हेतु रुपये 15 लाख की अनुदान सहायता बिक्रमपुर प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी लिमिटेड (बिक्रमपुर पैक्स) को स्वीकृत की गई है। इस हाट के परिचालन से आस-पास के पांच ग्राम पंचायतों को फायदा मिलेगा जिसमें कुचायकोट प्रखंड के चार पंचायत (बिक्रमपुर, सेमरा, अहियापुर, सोनहुला गोखुल) एवं फुलवरिया प्रखंड के एक पंचायत (गिदहा) शामिल हैं। लगभग 25,000 निवासियों को लाभ मिलेगा। इस हाट में मार्केटिंग प्लेटफार्म, गोडाउन, ऑफिस स्पेस, पीने के पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था की गई है। इस हाट के परिचालन उपरांत क्षेत्र के लघु एवं सीमांत किसानों को सालों भर अपने उत्पाद को विक्रय करने हेतु सुगम, स्वच्छ एवं सुरक्षित जगह की सुविधा मिलेगा। यह हाट सब्जी, दलहन, खाद्य पदार्थ आदि के साथ साथ गैर कृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री की सुविधा प्रदान करेगी। अपने दौरे के दौरान माननीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार राज्य सहकारी बैंक और इसकी जिला इकाइयों के %बैंक मित्रों% को माइक्रो एटीएम वितरित करेंगे। ये माइक्रो एटीएम नाबार्ड से अनुदान के साथ खरीदे गए हैं। इस अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी औ र विजय कुमार सिन्हा, कई केन्द्रीय और राज्य मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

प्रभात खबर
01/04/2025 09:17
prabhatkhabar.com


News | ump vs Iran : अमेरिका के बमों से छलनी हो जाएगा ईरान, डोनाल्ड ट्रंप ने हड़काया

# सौगात : नाबार्ड के ग्रामीण हाट की स्थापना के लिए मिली स्वीकृति, पांच पंचायतों की बदलेगी तस्वीर

प्रतिनिधि, गोपालगंज

**नाबार्ड** की ओर से जिले को नयी सौगात दी गयी है. कुचायकोट प्रखंड की बिक्रमपुर पंचायत के लाछपुर गांव में ग्रामीण हाट की स्थापना की जायेगी. इससे आसपास के पांच पंचायतों के दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों को लाभ मिलेगा. ग्रामीण हाट की स्थापना के लिए स्वीकृति मिल गयी है. रविवार को पटना में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री सह सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिक्रमपुर पैक्स के अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह को स्वीकृति पत्र सौंपा. इ

ससे पूर्व नाबार्ड बिहार क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार सिन्हा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने केंद्रीय गृह मंत्री का स्वागत किया. मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर बिहार में 800 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का अनावरण और शिलान्यास किया. नाबार्ड के डीडीएम डॉ अनुपम लाल कुसुमाकर ने बताया कि गोपालगंज के लिए यह बहुत अच्छी खबर है और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए हमारा कठिन प्रयास सफल हुआ है. नाबार्ड ग्रामीण हाट स्थानीय छोटे-छोटे उत्पादकों को अपने उत्पाद बेचने एवं स्थानीय उपभोक्ताओं को उत्पादकों से सीधे खरीदने की सुलभ सुविधा प्रदान करता है. लाछपुर गांव में इस हाट के परिचालन से आस-पास के पांच ग्राम पंचायतों को फायदा मिलेगा. इसमें कुचायकोट प्रखंड के बिक्रमपुर, सेमरा, अहियापुर, सोनहुला गोखुल एवं फुलवरिया प्रखंड के एक पंचायत गिदहा शामिल हैं. इन पंचायतों के लगभग 25,000 निवासियों को लाभ मिलेगा.



गृह मंत्री का स्वागत करते नाबार्ड बिहार क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक.

**हाट में मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं, खर्च होंगे 15 लाख** : डीडीएम ने बताया कि लाछपुर गांव में ग्रामीण हाट के आवश्यक आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 15 लाख रुपये का अनुदान बिक्रमपुर पैक्स को दिया गया है. इस हाट में मार्केटिंग प्लेटफऍर्म, गोडाउन, ऑफिस स्पेस, पीने के पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था की गयी है. इस हाट के परिचालन उपरांत क्षेत्र के लघु एवं सीमांत किसानों को सालों भर अपने उत्पाद को विक्रय करने के लिए सुगम, स्वच्छ एवं सुरक्षित जगह की सुविधा मिलेगी. यह हाट सब्जी, दलहन, खाद्य पदार्थ आदि के साथ साथ गैर कृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री की सुविधा प्रदान करेगी.

Hindustan_Gopalganj_01-04-2025

कीदतमंदों ने सुबह
त बजे अपने-अपने
गाहों और मस्जिदों में
माज अदा की
गमलवा ईदगाह में लगे
में छोटे-छोटे बच्चों ने
या झूले का आनन्द

ड़ दिखी। रामचंद्रपुर, फतहा, , एकडेरवा, जगमलवा, फुलगनी, लछवार, वृंदावन, दीश, इंदरवा और सेमरा सहित में मुस्लिम समुदाय के लोगों अदा कर फोन और सोशल माध्यम से भी बधाइयां दीं।

**वों में करती रही पेट्रोलिंग**

-व्यवस्था बनाए रखने और लेकर बीडीओ अजय प्रकाश ओ कुमारी रूपम शर्मा, हरेराम कुमार, अपर जीतेंद्र कुमार, एसआई ाप और एएसआई नीरज य सहित पुलिस पदाधिकारी थाना क्षेत्र के मस्जिदों और मण करते नजर आए।

**मिलेगा बाजार** | **नाबार्ड ने स्वीकृत की 15 लाख रुपए की अनुदान राशि, पांच पंचायतों के करीब 25 हजार लोगों को होगा लाभ**

# कुचायकोट के लछपुर गांव में बनेगा नाबार्ड ग्रामीण हाट

**कुचायकोट, एक संवाददाता।** गोपालगंज जिले के कुचायकोट प्रखंड के लछपुर गांव में नाबार्ड ग्रामीण हाट बनेगा। जिससे किसानों और स्थानीय उत्पादकों को सीधा बाजार मिलेगा। नाबार्ड ने 15 लाख रुपए की अनुदान सहायता स्वीकृत की है। हाट को बिक्रमपुर प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी लिमिटेड (बिक्रमपुर पैक्स) संचालित करेगा। इस हाट की स्वीकृति का पत्र केंद्रीय गृह मंत्री व सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में संदीप कुमार सिंह को सौंपा। नाबार्ड के डीडीएम डॉ. अनुपम लाल कुसुमाकर ने इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। इस ग्रामीण हाट से बिक्रमपुर, सेमरा, अहियापुर, सोनहुला गोखुल और गिदहा पंचायतों के करीब 25,000 लोगों को लाभ मिलेगा। यहां मार्केटिंग प्लेटफॉर्म, गोडाउन, ऑफिस स्पेस, शुद्ध पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। संदीप कुमार सिंह ने बताया कि किसानों और छोटे व्यापारियों के लिए यह हाट एक बड़ा अवसर होगा। जहां वे सालभर सब्जियां, दलहन, खाद्य उत्पादों और गैर-कृषि वस्तुओं की बिक्री कर सकेंगे। स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में सीधा व्यापार होने से बिचौलियों की भूमिका कम होगी। जिससे किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल सकेगा।



विक्रमपुर के मुखिया व पैक्स अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह को स्वीकृति पत्र सौंपते केंद्रीय मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। साथ में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व मंत्री डॉ . प्रेम कुमार।

## तीन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों को मूल्यांकन में मिले 70 % अंक

**गोपालगंज,हमारे संवाददाता।** जिले के चार हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया है। इसमें प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले दो सेंटरों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया। थावे प्रखंड के वृंदावन सेंटर को प्रथम स्थान मिलने पर एक लाख रुपए व दूसरे हथुआ प्रखंड के बड़कागांव को 35 हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। गोपालगंज के चार हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों के मूल्यांकन के दौरान 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं। जिसमें उक्त दो के अलावे कुचायकोट के बंगालखाड़ व उचकागांव के नारायण पुर स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शामिल हैं। इन चारों हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का मूल्यांकन जल्द ही राष्ट्रीय स्तर की टीम करेगी। विभाग के अनुसार हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों के मूल्यांकन के लिए कई स्तरों पर जांच की जाती है। गुणवत्ता में 70 फीसदी से अधिक अंक मिलने पर उन्हे प्रमाणपत्र दिया जाता है। इसके बाद वहां सुविधाएं बढ़ायी जाती हैं। जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम धीरज कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष भी जिले के तीन एचडब्लूसी का चयन राष्ट्रीय स्तर के मानकों पर खड़ा पाया गया था। मुख्य रूप से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की सात प्रकार की सेवाएं की गुणवत्ता की जांच और मूल्यांकन किया जाता है। जिसमें गर्भावस्था,प्रसव के दौरान स्वास्थ्य देखभाल, परिवार नियोजन कार्यक्रम का संचालन ,अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, सामान्य संचारी रोगों का प्रबंधन , तीव्र साधारण बीमारी व छोटी बीमारियों के लिए ओपीडी देखभाल आदि शामिल हैं।